Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 13-11-2022 | अंक 399

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय खेल के लिए 40 खिलाड़ियों का चयन

## एकल ग्राम संगठन की ओर से अंचल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, 120 एकल विद्यालय के बच्चे हुए पुरस्कृत



कार्यक्रम का उद्घाटन करते एसडीपीओ नाजिर अख्तर वा संगीता चौधरी



दीप प्रज्वलित के उपरांत एसडीपीओ वा अन्य



एसडीपीओ को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते दयानंद चौरसिया



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत बच्चे



सम्मानित किए गए संघ प्रमुख



कार्यक्रम में शामिल एकल के सदस्य



सम्मानित किए गए बच्चे



लंबी कूद में छलांग लगाता प्रतिभागी



दौड़ में शामिल युवतियां

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

एकल विद्यालय ग्राम संगठन की ओर से अभ्युदय यूथ क्लब एवं हजारीबाग अंचल समिति की देख रेख़ बरही प्रखंड मैदान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन एसडीपीओ नजीर अख्तर, डीएस अनुमंडलीय अस्पताल बरही डॉ प्रकाश ज्ञानी, एसएस मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी, सचिव महेंद्र दुबे, उषा रानी, अंचल समिति अध्यक्ष दयानंद चौरसिया, सचिव कृष्णा प्रजापति, मनोज केशरी, ग्राम स्वराज्य मंच प्रभारी हीरामन साहू, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी सुरेश साव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवम मैदान में फीता कटकर किया। खेलकूद प्रतियोगिता में 50 मीटर, 100 मीटर, 200मीटर, 400 मीटर एवं 600मीटर की दौड़ कराई गई। इसके साथ लांग जंप, हाई जंप, कबड्डी की भी प्रतियोगिता कराई गई। इसमें बालक एवं बालिका वर्ग की अलग अलग उम्र के अनुसार दौड़ कराई गई। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को शकुंतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले संच चुरचू, बड़कागांव एवं बिष्णुगढ़ के संच प्रमुख, लक्ष्मी कुमारी, सुषमा राणा एवं देवन्ती देवी के साथ साथ आचार्य प्रमिला देवी, एवं गीता देवी को ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी, डॉ अनिल कुमार, मुखिया नारायण यादव, दयानंद चौरसिया, प्रो हीरामन साहू ने शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए एसडीपीओ नजीर अख्तर ने कहा की इस तरह के आयोजन से खेल प्रतिभा में निखार आता है। उन्हे आगे बढ़ने में मदद मिलती है। डॉ संगीता चौधरी ने कहा की एकल विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में संस्कार युक्त शिक्षा के साथ साथ खेल के प्रति भी बच्चो को बढ़ावा देते हैं। यह अच्छी बात है। मौके पर अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार ने भी कार्यक्रम की सराहना की। मौके पर अंचल समिति की ओर से सभी अतिथियों का बुके के साथ स्वागत किया गया। मौके पर मुखिया दुल्महा नारायण यादव, सुरेश प्रसाद, मोती सिंह, कैलाश पति सिंह, देवधारी प्रजापति, महेंद्र दुबे , उषा रानी, संजय दुबे, रंजीत सिंह, राजदेव यादव, राजू पांडेय, ओम प्रकाश कुमार, कपिल महतो, शीला देवी, संदीप चंद्रवंशी, मनोज कुमार, नरेश पासवान, प्रकाश कुमार, महेंद्र कुमार, जयंती देवी, अनीता देवी, संजू देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

अपेम लाइव न्यूज

समस्याओं को आगे रखने वाली एक मात्र डिजिटल अखबार

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बिरहोरों के बीच किया 130 कंबल का वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बढ़ते ठंड को देखते हुए बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत में विधायक उमाशंकर अकेला ने गरीब एवं असहाय बिरहोर क०लोनी एवं केवाल के बिरहोरों के बीच 130 कंबल का वितरण किया। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की गरीब परिवारों और खासकर बिरहोर जनजाति को संरक्षित करना सरकार का दायित्व है। ठंड बढ़ने लगी है जिसके कारण जंगल में रह रहे आदिम जनजातियों और गरीब परिवारों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। यही वजह है की बिरहोर जाती समूह के लोगों को यह सहायता दी गई है। लाभुकों में फूलमती देवी, सावित्री देवी, संगीता देवी, कुंती देवी, सुभंती देवी, सरजू बिरहोर, सुकर बिरहोर, किशोर बिरहोर, जानकी बिरहोर, फागू बिरहोर, ब्रह्मदेव बिरहोर, बसंती देवी, राजेश, फुलवा, सोभा, सुमीया, शांति सहित कई अन्य लोग शामिल है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, बीडीओ सी. आर. इंदवार, मुखिया अनीता देवी, अशोक सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## विहंगम योग संस्थान द्वारा लगाया गया पदमा में रक्तदान शिविर

### विहंगम योग संस्थान द्वारा विगत 15 दिनों में 4 रक्तदान शिविर के माध्यम से 71 यूनिट रक्तदान करा कर पेश की अनूठी मिसाल : निर्मल जैन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




विहंगम योग संस्थान पदमा द्वारा विहंगम आश्रम में व०लंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन व०लंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, एचडीएफसी बैंक के सीनियर मैनेजर चंद्रशेखर कुशवाहा एवं मुखिया रोमी पंचायत सुनील मेहता ने संयुक्त रूप से किया। रक्तदान का शुभारंभ अनार देवी एवं महेश राणा जी (पति –पत्नी) ने रक्तदान देकर किया तत्पश्चात दयाशंकर कुमार मेहता (आश्रम विद्यार्थी) मनोज कुमार, शिल्पा कुमारी, कवीया देवी, गुड्डाकेस निकुंज, और सविता देवी आदि ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात व०लंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत–बहुत साधुवाद किया एवं आयोजकों को एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन तथा एचडीएफसी बैंक के सीनियर मैनेजर चंद्रशेखर कुशवाहा ने सर्टिफिकेट्स देखकर सम्मानित किया। विहंगम योग संस्थान द्वारा लगातार 15 दिनों में 4 जगहों में रक्तदान शिविर लगाकर( इचाक, बड़कागांव, बरही एवं पदमा) में कुल 71 यूनिट रक्त, शेख भिखारी मेडिकल क०लेज को उपल. ब्ध करा कर, एक अनूठी मिसाल पेश की । संस्था विगत कई वर्षों से रक्तदान शिविर लगाकर मानवता का कार्य कर रही है । शिविर को सफल बनाने में संस्थान के जिला संयोजक संतोष कुमार ,सह संयोजक राजेंद्र प्रसाद, परामर्शक राम गोविंद सिंह, बटेश्वर सिंह ,बंगाली मेहता, सीधेश्वर गोस्वामी ,प्रदीप कुमार सिंह ,मनोज कुमार, रामवृक्ष सिंह ,दयाशंकर , व०लंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ,एचडीएफसी के सीनियर चंद्रशेखर कुशवाहा, मेडिकल क०लेज के टेक्नीशियन मुरली प्रजापति, के बी विमेंस कॉलेज की छात्रा रीमा, रिया ,पुष्पा और पायल कुमारी का विशेष योगदान रहा ।




## हाउ टू क्रैक यूपीएससी व जेपीएससी को लेकर चाणक्य आईएएस एकेडमी में किया गया सेमिनार का आयोजन

### बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने लिया सेमिनार में हिस्सा

### आत्मविश्वास, मार्गदर्शन और नियमित परिश्रम सफलता की कुंजी : विनय मिश्रा





**अपेम लाइव : हजारीबाग**

हजारीबाग। हर इंसान अपनी ज़िंदगी में सफल होना चाहता है, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन सोंच के अनुरूप सफलता पाने वालों की संख्या सीमित होती है, यह भी एक हकीकत है। अगर बात यूपीएससी और जेपीएससी की करें तो इस ओर इच्छा रखने और तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के भी सुनहरे ख्वाब होते हैं, जिसे वह पूरा करना चाहते हैं। लेकिन उन ख्वाबों को हकीकत में तब्दीली के लिए नियमित परिश्रम के साथ साथ कई पहलू काम करते हैं, जिस पर अमल किए बिना अभ्यर्थी उन उंचाइयों को छूने से वंचित रह सकते हैं। उक्त बातें चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने रविवार को हजारीबाग के कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी सभागार में हाउ टू क्रैक यूपीएससी व जेपीएससी को लेकर आयोजित सेमिनार में अभ्यर्थियों से मुखातिब होते हुए कही। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोंच, आत्म. विश्वास, समय के सदुपयोग के साथ सही दिशा में नियमित परिश्रम, उत्तम व्यवहार और उचित मार्गदर्शन किसी भी अभ्यर्थी के लिए सफलता के कुंजी की तरह कार्य करता है। इसलिए पढ़ाई के साथ साथ अभ्यर्थियों का ध्यान इस ओर भी जरूरी है। वहीं 7वीं जेपीएससी के सेकेंड टॉपर व डीएसपी कुमार विनोद ने मौके पर मौजूद अभ्यर्थियों से अपने अनुभव साझा किए और कहा कि यूपीएससी व जेपीएससी की तैयारी कर रहे सभी अभ्यर्थियों के लिए यह जरूरी है कि लक्ष्य का निर्धारण कर अनुकूल वातावरण में तैयारी की जाए। उन्होंने चाणक्य आईएएस एकेडमी का जिक्र करते हुए कहा कि पढ़ाई करते समय मुझे ना सिर्फ अनुकूल वातावरण मिला बल्कि राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कक्षाएं, अत्याधुनिक उन्नत लाइब्रेरी की सुविधा और सक्सेस गुरू एके मिश्रा, मोटिवेशनल स्पीकर व संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा तथा संस्थान के ही जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा का उचित मार्गदर्शन मेरी सफलता के लिए काफी अहम रहा। 7वीं जेपीएससी में रैंक 51हासिल कर डीएसपी बने प्रभात कुमार ने भी अपने अनुभव अभ्यर्थियों के बीच रखे और सफलता से जुड़ी कई अहम बातें अभ्यर्थियों को बताई। उन्होंने कहा कि मेरी सफलता में चाणक्य आईएएस एकेडमी का महत्वपूर्ण योगदान है। संस्थान की जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने भी मौके पर मौजूद अभ्यर्थियों को यूपीएससी और जेपीएससी की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण बातें बताई और कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी उन तमाम सुविधाओं को अभ्यर्थियों के लिए मुहैया करा रही है, जो अभ्यर्थियों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजधानी दिल्ली जैसी सुविधाएं हजारीबाग जैसे शहर में प्रदान करने के पीछे का एकमात्र उद्देश्य यही है कि झारखंड के साथ साथ हजारीबाग के अभ्यर्थी भी यूपीएससी और जेपीएससी के क्षेत्र में राज्य और देश में नाम रोशन कर सकें। श्रीमति मिश्रा ने कहा कि झारखंड के अभ्यर्थियों में बेहतर करने की क्षमता है, संस्थान उन्हीं क्षमताओं को एक सफल मुकाम देने में जुटा है। हर सप्ताह ओएमआर शीट पर लिए जाने वाले मेगा जेपीएससी टेस्ट का भी आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। वहीं चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से 10वीं उत्तीर्ण सभी इच्छुक विद्यार्थियों के लिए पहली बार आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की भारी भीड़ देखी गई। चाणक्य आईएएस एकेडमी और ज्ञान ज्योति पारा मेडिकल नर्सिंग कॉलेज में बनाए गए दो परीक्षा केंद्रों पर लगभग 600 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। बताते चलें कि प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल 100 ट०पर्स को चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से परिणाम की घोषणा किए जाने के बाद सम्मानित किया जाएगा। साथ ही रैंक के अनुरूप 10 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति भी संस्थान की ओर से प्रथम 100 टॉपर्स को प्रदान की जाएगी।

## पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अपेम 20 एवं एसएसएमटी ने 6 गरीब टीबी मरीजों को लिया गोद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


डॉ संगीता चौधरी

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री ने आह्वान किया है की टीबी मरीजों को सोसायटी की ओर से पोषकीय आहार सपोर्ट दिया जाय। ताकि गरीब टीबी मरीजों की सेहत से सुधार होने में मदद मिले। इस अभियान को बरही में कई सामाजिक संगठन सहयोग कर रहे हैं। अभियान को सफल बनाने एवम टीबी मरीजों को मदद करने के उद्देश्य से अनुमंडलीय अस्पताल के डी एस डॉ प्रकाश ज्ञानी खुद सामाजिक कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, जन प्रतिनिधियों समेत सरकारी अधिकारियों से संपर्क कर अभियान की जानकारी दे रहे हैं। डी एस डॉ ज्ञानी से प्रभावित होकर अपेम वेलफेयर फाउंडेशन ने 20 गरीब टीबी मरीजों को गोद लेने का निर्णय लिया है। वही शंकुतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट ने भी 6 टीबी मरीजों को गोद लेने का निर्णय लिया है। दोनो संगठनों के द्वारा सूची को अंतिम रूप देते हुए अनुमंडलीय अस्पताल को सौप भी दिया है। अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता, चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार एवं एस एस मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी ने बताया की संगठन की ओर से मरीज को चिन्हित किया गया है। प्रत्येक माह उन्हे पोषकीय आहार उपलब्ध करा दिया जाएगा। डी एस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा की प्रधानमंत्री जी का यह अभियान जन कल्याणकारी है। पुण्य का काम है। मैने खुद 5 मरीजों को गोद लिया है। सक्षम लोगों को भी गोद लेकर टीबी मरीजों को मदद करनी चाहिए। उन्होंने सोसायटी से अपील किया है की पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़े और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरहोरों परिवार के बीच गर्म कपड़े बांटे गये

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**राजेश मेहता**



डोमचांच,ठंड ने दस्तक दे दिया है, सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों की जरूरत होती है, इन दिनों आदर्श फाउंडेशन द्वारा झुमरी तिलैया,कोडरमा, डोमचांच और चंदवारा के कपड़ा व्यापारियों से दान स्वरुप गर्म कपड़े जैकेट, स्वेटर और शाल जमा किया जा रहा है ताकि कोडरमा जिला अंतर्गत सभी बिरहोर बस्तियों में बच्चों एवं मातृशक्तियों के बीच गर्म कपड़े एवं शाल वितरित किया जा सके, डोमचांच स्थित परिवार साड़ी सेंटर, पायल साड़ी सेंटर और कुंदन वस्त्रालय द्वारा प्राप्त गर्म कपड़े और शाल लोकाई बिरहोर बस्ती में बच्चों एवं मातृशक्तियों के बीच वितरित किया गया, आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कोडरमा जिला अंतर्गत सभी कपड़ा व्यापारियों से अपील करते हुए कहा की स्वेच्छा से वस्त्र दान करें, आपके द्वारा दान किये गये कपड़े राज्य से विलुप्त हो रही आदिम जनजाति बिरहोर के वच्चों एवं मातृशक्तियों के बीच वितरित किया जाएगा,

## जरूरतमन्दों के बीच मुखिया ने किया कंबल का वितरण

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखंड के दादपुर पंचायत में जरूरमन्दों के बीच कंबल का वितरण किया गया । कंबल का वितरण दादपुर पंचायत के मुखिया गंदौरी दांगी के नेतृत्व में किया गया।मुखिया गंदौरी दांगी ने बताया कि बढ़ती ठंड को इसे देखते हुए रविवार को पंचायत अंतर्गत 84 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया और आगे भी की जाएगी। मुखीया गंदौरी दांगी ने कहा कि समय से जरूरतमन्दों के बीच कम्बल का वितरण हो यह मेरा दायित्व भी बनता है। रविवार को पंचायत के वार्ड नं 5 और वार्ड नं 7 के जहूर मियां , पूरन भुइँया,चिंता देवी, शेरखान मियां, खलील मियां,दोवा देवी,गिरजा देवी,कमली देवी, पुनिया देवी, शम्भू सिंह,मुनु ठाकुर सहित अन्य को कम्बल दिया गया। इस दौरान उप मुखिया बेबी देवी , वार्ड सदस्य बेबी देवी, मंगलेश सिंह, पवन कुमार , मुकेश कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सहायक अभियंता पद पर सफल साहेब कुमार को विधायक व पूर्व विधायक ने दी बधाई





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अन्तर्गत ग्राम बरवां निवासी गोपाल महतो के पुत्र साहेब कुमार मंडल जो झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अभियंता पद पर चयनित होने पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव बरवां पहुँचकर साहेब कुमार मंडल को बधाई देने बरवां स्थित साहेब मंडल के आवास पहुकर बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि साहेब कुमार मंडल की सफलता पुरे क्षेत्र की सफलता है वे बरकट्ठा के लिए आइडियल साबित होंगे ,पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि साहेब ने अपने नाम को सार्थक किया बरकट्ठा प्रखंड का नाम रौशन किया है,जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया इन्द्रदेव प्रसाद, उपप्रमुख सुरजी देवी, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद के द्वारा भी कहा गया कि साहेब जैसे उर्जावान युवक से क्षेत्र के अन्य युवकों को सीख लेने की जरुरत है,मौके पर उप प्रमुख सुरजी देवी, मनीलाल चौधरी,रीतलाल प्रसाद, अरुण कुमार मंडल, राजेश ठाकुर, छोटीलाल प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो,वार्ड सदस्य मोहिनी देवी, बबलू मंडल, गजेन्द्र मंडल, अनिल अजाद, जितेंद्र चंद्रवंसी, मनोज प्रसाद समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी का गोविन्दपुर पंचायत महिला मोर्चा का गठन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




गोविन्दपुर में बैठक में शामिल आजसू पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता

प्रखंड के उच्च विद्यालय गोविंदपुर परिसर में रविवार को पंचायतस्तरीय महिला मोर्चा कमेटी गठन को लेकर बैठक की गई। अध्यक्षता महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष शांति देवी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष गंगोत्री देवी, सचिव रंजू देवी, कोषाध्यक्ष मंजू देवी, उपाध्यक्ष गुड़िया देवी, सह सचिव सुनीता देवी मनोनीत की गई। बैठक में पार्टी की आगामी 4 दिसंबर को कोनार डैम में आहूत महिला महासम्मेलन को लेकर महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। इसके लिए सबों को जिम्मेवारी तय की गई। कहा गया कि महिला मोर्चा का गठन होने से पार्टी में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। पार्टी मजबूत होगी। मौके पर सरयू पटेल, प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष रुपेंद्र महतो, अशोक कुमार, हेमलाल महतो, कौशिल्या देवी, रंजू देवी, कंचन देवी, गंगोत्री देवी, संगीता देवी, रवि कुमार, संतोष महतो, हेमलाल महतो, सोशल मीडिया प्रभारी बिनोद कुमार महतो आदि मौजूद थे।

## राशन कार्ड बनाने के नाम पर हो रही अवैध वसूली : रोहित यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के उपमुखिया रोहित यादव ने बताया की प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में राशन कार्ड बनाने के नाम पर जोर से वसूली की जा रही है। उन्हा.ेंने बताया की कुछ रिश्वरखोर राशन कार्ड बनाने के नाम पर एक – एक व्यक्ति से 4000 – 5000 रुपए तक की वसूली कर रहे है। ग्रामीणों के कार्ड बनाने के लिए पैसे की मांग कर रहे है। साथ ही उन्होंने कहा की प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से इस बात की जानकारी मुझे मिल रही है। जो बिल्कुल गलत है। जिसको लेकर उन्होंने बरहीवासियो से अपील करते हुए कहा की राशन कार्ड बनाने के नाम पर किसी को घुस देने की जरूरत नहीं है।



रोहित यादव






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## नाई समिति पंचायत समिति का गठन अध्यक्ष बने बिरेन्द्र शर्मा सचिव बासुदेव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बिरेन्द्र शर्मा

बरकट्ठा प्रखंड के मेरमगढा में राष्ट्रीय ब्राह्मण नाई समाज की बैठक का आयोजन कोनहराखुर्द एवं झुरझुरी पंचायत की संयुक्त बैठक में किया गया जिसकी अध्यक्षता कोनहराखुर्द मुखिया मुन्नी देवी के द्वारा किया गया संचालन बासुदेव ठाकुर ने किया । बैठक की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत किया गया।बैठक में पंचायत की नाई समाज की कमेटी का गठन किया गया। पंचायत के अध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार शर्मा, सचिव बासुदेव ठाकुर,कोषाध्यक्ष बद्री ठाकुर उपाध्यक्ष टुकलाल ठाकुर सदस्य जगरनाथ ठाकुर, शशिकांत शर्मा, सुमा देवी, ललिता देवी, मुन्नी देवी को मनोनीत किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र कुमार शर्मा, सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, बालेश्वर ठाकुर, उपेन्द्र कुमार शर्मा, संतोष ठाकुर, डॉ सोनू कुमार, भगीरथ ठाकुर, सरजू ठाकुर, मंगर ठाकुर, बहादुर ठाकुर, परमेश्वर ठाकुर, नन्दकिशोर ठाकुर, बासुदेव ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, शिबू ठाकुर, रीतलाल ठाकुर, राजू ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, बद्री ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बाल दिवस पर बालिकाओं के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर सम्मानित करते अतिथि

बाल दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय के मैदान में बालिकाओं के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जीएफएफ के तत्वाधान में समाधान संस्था द्वारा आयोजित कराए गए प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों की किशोरियों ने भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिता के तहत किशोरियों के बीच फुटब०ल मैच, म्यूजिकल चेयर, कबड्डी प्रतियोगिता, शेक रेस समेत कई तरह के खेलों की प्रतियोगिता हुई। आयोजन को लेकर बालिकाओं में काफी उत्साह देखा गया। संस्था के अध्यक्ष संजीव भट्टाचार्जी ने कहा कि बाल दिवस के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम जागरूकता को लेकर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। झारखंड राज्य में बाल विवाह की दर अधिक है। इस पर अंकुश लगाने के लिए बालिकाओं को प्रोत्सा. हित करना आवश्यक है। इसी कड़ी में गांव की किशोरियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता के उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी, चेड़रा उपमुखिया रीना देवी, वार्ड सदस्य किरण देवी, पुरनी देवी, संस्था अध्यक्ष संजीव भट्टाचार्जी, कार्यकारी अध्यक्ष हिल्डा पिंटो, रश्मिलता, जगदीश शर्मा, नीतू कुमारी समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## चंदवारा में प्रखंड स्तरीय तिलेश्वर साहू सेना का बैठक

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



चंदवारा पश्चिमी सभागार में एक बैठक चंदवारा पश्चिमी मुखिया सह तिलेश्वर साहू सेना के प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता की गई अध्यक्ष संतोष कुमार कुशवाहा ने कहा की हम पंचायत प्रभारी का विस्तार और सभी दसों पंचायत में पंचायत कमिटी का गठन कर इस बार अरुण साहू जी को मदद करेंगे और विधानसभा में हमलोग पूरी तरह से इन्हे जीत दिलाने का कोशिश करेंगे और अब हर गरीब की आवाज अरुण साहू है । मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा ने ये भी कहा की तिलेश्वर साहू जी जो की अब हमरे बीच नही रहे ओ अपने समय में हर गरीब और हर बेरोजगार युवा को अपने स्तर से मदद किए ठीक उसी प्रकार हमारे युवा नेता अरुण साहू अपने पिता का सपना पूरा करने इस विधानसभा में जोरदार तरीके से आ रहे है और हम सब उनके पिता के सपना और उनके जब्बे को सराहना करते है हम सब उनके साथ में है । मौके पर पहुंचे तिलेश्वर साहू सेना के प्रखंड संयोजक विनोद साव प्रखंड चुनाव प्रभारी नारायण कुमार साव , शंकर पाण्डेय पंचायत प्रभारी एम के दास , पूर्णदेव साव दिग्विजय कुमार संदीप कुमार , कार्यकर्ता पीयूष कुमार पांडेय , संजय कुमार राणा अशोक साव लखन साव मनोज यादव रोहित साव आदि मौजूद रहे













डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार